आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :440 पृष्ठ -4 दिनांक 31 मार्च 2025 दिन सोमवार

## हापुड़: महिला ने 50 साल की उम्र में 14वें बच्चे को दिया जन्म डॉक्टर्स भी हैरान, 22 साल का है सबसे बड़ा बेटा

यूपी के जनपद हापुड़ के रहने वाले इमामुद्दीन का परिवार देश की जनसंख्या को बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है. इमामुद्दीन की पत्नी गुड़िया ने 50 साल की उम्र में 14वें बच्चे को जन्म दिया है. चिकित्सक भी गुड़िया के 14वें बच्चे की डिलीवरी कराने के बाद हैरत में है.

इमामुद्दीन की पत्नी के द्वारा 14वें बच्चे को जन्म दिये जाने की खबर सुनकर आसपास ही नहीं बल्कि दूर–दराज से भी लोग इमामुद्दीन और उसके 14 बच्चों वाले परिवार को देखने के लिए पहुंच रहे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार, हापुड़ के पिलखुवा स्थित बजरंगपुरी में रहने वाले इमामुद्दीन की 50 वर्षीय पत्नी गुड़िया को शुक्रवार की शाम को प्रसव पीड़ा हुई. जिसके बाद उसे डिलीवरी के लिए पहले पिलखुवा सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया. लेकिन रास्ते में ही हापुड़ जिला अस्पताल पर उसे 108 एंबुलेंस से ले जाया गया. जहां




अस्पताल पहुंचते ही गुड़िया ने 14वें बच्चे को जन्म दे दिया. आनन–फानन में अस्पताल के स्टाफ और चिकित्सकों की देखरेख में जच्चा और बच्चों को भर्ती कर लिया गया. अस्पताल की सीएमएस हेमलता ने बताया कि 50 वर्षीय महिला गुड़िया डिलीवरी के लिए आई थी. महिला जैसे ही अस्पताल के गेट पर पहुंची, तभी उसने बच्चे को जन्म दे दिया था. बाद में चिकित्सकों ने नवजात और मां की देखभाल की. महिला ने 14वें बच्चे को जन्म दिया है. सीएमएस ने बताया कि दोनों जच्चा–बच्चा की हालत में सुधार होने पर दोनों को घर भेज दिया गया है. आपको बता दें कि 50 वर्षीय महिला गुड़िया के पहला और बड़ा बेटा 22 वर्ष है. इसके बाद सभी बच्चों की डिलीवरी में एक–एक साल का भी अंतर नहीं है.डिलीवरी के समय महिला का 22 वर्षीय बेटा अस्पताल में ही अपनी मां के पास मौजूद था.

## प्रेमानंद महाराज के जन्मदिन पर भक्तों की कतार 10 क्विंटल फूलों से 2 किमी रास्ते को सजाया,रात 2बजेआतिशबाजी से सतरंगी हुआ आसमान

## नवरात्रि के दूसरे दिन,




माँ दुर्गा के ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा की जाती है, जो तपस्या और वैराग्य की देवी मानी जाती हैं. इस दिन, भक्त माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हैं, जो कठोर तपस्या के माध्यम से भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए जानी जाती हैंमाँ ब्रह्मचारिणी की पूजा का महत्वरू तपस्या और वैराग्य की देवी माँ ब्रह्मचारिणी को तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है ।




ईद–उल–अजहा के इस पावन अवसर पर, ईश्वर आपके सभी अच्छे कर्म स्व.ीकार करें और आपकी प्रार्थनाएं स्वीकार हों। ईद मुबारक! अल्लाह की दिव्य कृपा आपको ईद–उल–अजहा पर और हमेशा के लिए आशा, विश्वास और खुशी लाये।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने नव संवत्सर, विक्रम . संवत–2082 की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं!

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के लोगों को शुभकामनाएं दी है और उनके जीवन में सुख व समृद्धि की कामना की है. सीएम योगी ने इस शुभ अवसर पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट शेयर कर प्रदेशवासियों को बधाई दी. उन्होंने लिखा– श्नव संवत्सर, विक्रम संवत–2082 की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभक.ामनाएं! यह नव वर्ष आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे, आपके सभी संकल्प सिद्ध हों, प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना है.श्मुख्यमंत्री ने इस दौरान मां की आराधना करते हुए आगे लिखा– श्जय देवि महादेवि भक्तानु ग्रहकारिणि,जय सर्वसुराराध्ये जयानन्तगुणालये..जगद्धात्री जगदम्बा की आराधना–उपासना के पावन पर्व चौत्र



नवरात्रि की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. मां भगवती की अपार कृपा सभी पर बनी रहे, सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो.श्नवरात्रि के अवसर पर सीएम योगी ने कई अहम निर्देश भी जारी किए हैं. इस अवसर पर सभी जनपदों में 24 घंटे श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ कराने को कहा गया है. त्योहार के अवसर पर पूरे प्रदेश में निर्बाध रूप से 24 घंटे बिजली की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं. वहीं मंदिरों के आसपास मांस, अंडा की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं.

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

लखनऊ। आज से चौत्र नवरात्रि उत्सव की शुरुआत हो गई। आज से नौ दिनों तक लोग मां दुर्गा के नौ रूपों की अराधना करेंगे। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर श्रद्धालुओं के घरों और मंदिरों में वि.राजमान हुईं। नवरात्रि के पहले दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है।चौत्र नवरात्रि के पहले दिन वाराणसी में श्रद्धालु अष्टभुजा माता मंदिर और माँ विंध्यवासिनी का महाशक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम में पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।हरिद्वार में भी मां मनसा देवी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। वहीं यूपी की राजधानी लखनऊ के बीकेटी स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में भी सुबह से भक्तों का आना जाना लगा है।भोर से ही ही श्रद्धालुओं ने माता के दर्शनों के लिए मंदिर पहुंचना शुरू कर दिया। इस दौरान मंदिर के बाहर लंबी–लंबी भक्तों की कतारें नजर आईं।प्रयागराज के प्रसिद्ध अलोप शंकरी देवी शक्ति पीठ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए टैंट लगाए थे। ताकि भक्तों को परेशानी न हो। अयोध्या के बड़ी देवकाली देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां की पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर मंदि.रों को भव्य और दिव्य तरीके से सजाया गया हैं। चौत्र नवरात्रि 2025 के पहले दिन दशाश्वमेध घाट पर आरती की गई। इस आरती में बड़ी संख्या में माता के भक्त शामिल हुए और मां की पूजा अर्चना की।

## मुरादाबाद : सड़कों पर अतिक्रमण न हो इसे सुनिश्चित करें अधिकारी, मंलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने दिया निर्देश

मुरादाबाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में शनिवार को विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकार की हर योजना का लाभ हर पात्र व जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे इसको अधिकारी सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आकांक्षी विकास खंडों की मॉनीटरिंग के संबंध में जनपद सम्भल की स्थिति खराब होने पर मंडलायुक्त ने सीएमओ सम्भल को स्थिति में सुधार कराने का निर्देश दिया।राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मंडलायुक्त ने सम्भल और अमरोहा जनपद को ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग कराकर जिले की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। ई–संजीवनी पोर्टल पर ओपीडी की स्थिति में सुधार कराने, सीएचओ को और सक्रियता दिखाने के लिए कहा। ई–संजीवनी पोर्टल पर ओपीडी में रामपुर लगातार प्रदेश में पहले स्थान पर बरकरार है। इसके साथ ही आशा कर्मी के खाली पड़े पदों और आशा की ट्रेनिंग पर सीएमओ मुरादाबाद को विशेष ध्यान देने के लिए कहा। आभा आईडी स्टेटस पर बिजनौर की स्थिति खराब होने पर नाराजगी जताई। ज्यादातर स्वास्थ्य पैराम.ीटरों पर मुरादाबाद की स्थिति खराब होने पर मंडलायुक्त नाराज हुए। मंडलायुक्त ने कहा कि जिन अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है, उसकी एक विस्तृत रिपोर्ट एडी हेल्थ प्रस्तुत करें। बैठक में झोलाछाप द्वारा किए जा रहे प्रसव का भी मुद्दा उठा, जिस पर मंडलायुक्त ने कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। बताया कि मंडल में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत होगी। सभी सीडीओ और ईओ अच्छे से तैयारी कर लें। बच्चों को सुबह स्कूल में असेंबली के दौरान हीट वेव और संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया जाए। बच्चों के अभिभावकों को हीट वेव के बारे में भी जागरूक करें। मंडलायुक्त ने पीएम सूर्यघर योजना में प्रगति सुनिश्चित कर अर्बन एरिया में योजना का ज्यादा प्रचार–प्रसार कराने के लिए कहा। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से कुल 216 विद्यालयों से गुजर रहीं हाईटेंशन लाइनों को हटाने के लिए, मुख्य अभियन्ता विद्युत से कहा। कुल 117 विद्यालयों के ऊपर से सबसे ज्यादा जनपद बिजनौर में हाइटेंशन लाइन के ऊपर से निकलने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि पंचायत सचिवालय बंद न मिले इसको अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में मण्डलायुक्त ने कर–करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति आदि की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कोर्ट की कार्यवाहियों की निरन्तर समीक्षा करने एवं प्रक्रियात्मक उल्लंघनों से बचने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, जिलाधिकारी रामपुर जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर, जिलाधिकारी सम्भल राजेन्द्र पैंसिया समेत सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी और मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेरठ में महिला चिकित्सक की बड़ी लापरवाही, पेट में छोड़ा रुई का बंडल, महिला ने की शिकायत

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पुलिस ने पांच वर्ष पहले प्रसव के ऑपरेशन के दौरान पेट में रुई का बंडल छोड़ने के मामले में महिला की शिकायत पर संबंधित महिला चिकित्सक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी.टीपी नगर थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि रासना गांव में रहने वाली पीड़िता रजनी शर्मा की शिकायत और अदालत के आदेश पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एएसीजेएम)–दो प्राची अगवाल के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है.पुलिस के अनुसार, अदालत में दायर याचिका में रजनी शर्मा ने आरोप लगाया कि 30 जून 2018 को उन्होंने सिरोही नर्सिंग होम में बेटी को जन्म दिया था. याचिकाकर्ता ने बताया कि डॉ. शिखा जैन ने प्रसव ऑपरेशन किया था और प्रसव के बाद लगातार उनके पेट में दर्द रहने लगा.रजनी शर्मा ने अदालत को बताया कि वह कई बार डॉ. शिखा जैन के पास गयी और उन्होंने कई बार चेकअप भी किया और पेट में अल्सर होने की बात कहते हुए दवा दे दी, जिससे आराम नहीं मिला और हालत लगातार बिगड़ती चली गयी. याचिकाकर्ता ने बताया कि डॉ. शिखा जैन ने उसे ऑपरेशन कराने की सलाह दी और इसमें करीब चार से पांच लाख रुपये का खर्च बताया.पीड़िता ने बाद में मेडिकल कॉलेज में अपना उपचार कराया, जहां दो ऑपरेशन हुए. रजनी ने कई अधिकारियों समेत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले की शिकायत की और जांच में सामने आया कि डॉ. शिखा जैन की लापरवाही से ऑपरेशन के दौरान उनके पेट में रुई रह गई थी. आरोपी महिला चिकित्सक शिखा जैन ने 'पीटीआई–भाषा' से बातचीत में महिला द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से नकाराते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है और यह सिर्फ पैसा ऐंठने का एक तरीका है.डॉ. जैन ने महिला के आरोपों पर कहा, "" रजनी के पहले भी ऑपरेशन हुए हैं और मैंने कोई अकेले ऑपरेशन नहीं किया. महिला के तीन ऑपरेशन हो चुके हैं और फिर तीन–चार साल में कोई मरीज मेरे पास आएगा नहीं तो मुझे क्या पता कि उसने तीन–चार साल में क्या कराया है और क्या नहीं कराया. वहीं मेरठ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने महिला की शिकायत के बारे में बताया कि महिला ने उनके कार्यालय में आकर शिकायत की है और उन्हें इसकी जानकारी नहीं है.

## गोरखपुर में धारधार हथियार से काटकर मां–बेटी की निर्मम हत्या, इलाके में हड़कंप

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर से एक सनसनी खेज वारदात हुई है। यहां के चौरी चौरा क्षेत्र के शिवपुर चकदहा में मां–बेटी की धारधार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले के जांच पड़ताल में जुट गई है।घटना शिवपुर गाँव की है। जहां देर रात घर में घुस कर 45 साल की विधवा महिला पूनम निषाद की बदमाशों ने बेरहमी से हत्या कर दी और उसके छोटी बेटी अनुष्का (13) पर भी जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई।जिसके बाद उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात के वक्त घर में महिला की बड़ी बेटी खुशबू भी मौजूद थी। उसने बताया कि बदमाश जब घर में घुसे तो उसे एक कमरे में बंद कर दिया, जिसकी वजह से बाहर नहीं आ सकी। वारदात के बाद उसी ने पुलिस को सूचना दी।गांववालों का कहना है कि महिला की गांव के ही एक शख्स से नजदीकी थी। लेकिन कुछ महीनों पहले ही दोनों के बीच विवाद हो गया था। पुलिस इस एंगल से भी जांच करने में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से बात.चीत की जा रही है। इस मामले में एक दो लोगों को संदेह के हिरासत में भी लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा जल्द ही इस मामले को खुलासा किया जाएगा। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई हैं।

## मुरादाबाद : आज होगा चांद का दीदार, कल मनाई जाएगी ईद...जानिए क्या बोले नायब शहर इमाम?

मुरादाबाद रविवार को ईद का चांद नजर आया तो सोमवार को ईद–उल–फितर का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर शनिवार से ही तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। वहीं ईद उल फितर को लेकर शहर इमाम व नायब शहर इमाम ने सभी मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग ईद की नमाज से पहले फितरा अदा कर दे। इसके अलावा जकात देकर गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करे।रमजान का महीना पूरा होने के बाद ईद का पर्व मनाया जाता हैं। रमजान के महीने में सक्षम मुसलमानों पर जकात देना जरूरी हैं। अगर 29 रोजों का चांद रविवार को दिखाई दिया तो सोमवार को ईद बनाई जाएगी, लेकिन अगर 30 रोजों का चांद हुआ तो मंगलवार को ईद–उल–फितर का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम सैय्यद मुफ्ती फहद अली ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि जो मुसलमान सक्षम हैं, वह लोग ज्यादा से ज्यादा जकात निकाले और गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करें। नायब शहर इमाम सैय्यद मुफ्ती फहद अली ने कहा कि हम लोग रमजान के महीने में रोजे रखते हैं। रोजे के दौरान हम लोगों से भूल या कोई गलती हो जाती हैं। जिसके लिए फितरा देना भी जरूरी हैं। इसलिए सभी मुसलमान ईद की नमाज से पहले फितरा अदा कर दें। उन्होंने बताया कि फितरा की रकम 70 रुपये के हिसाब से अदा करें। यानि आपके परिवार में जितने लोग हैं। उसी संख्या के हिसाब से 70 रुपये अदा करें।महानगर की मस्जिदों में ईद की नमाज का समयईदगाह –8:00 बजे शाही मस्जिद–बर्तन बाजार– 7:30 बजे फलाहेदराइन वाली मस्लिद–6रू30 बजे मौलाना वाली मस्जिद, तंबाकू वालान–6:30 इमली वाली मस्जिद,कंबल का ताजिया–06:30 बजे मस्जिद ताज वाली–मंडी बांस रू 06:45 बजे बड़ी मस्जिद, ठठेरा मोहल्लारू 7रू00 बजे मस्जिद मिस्त्री वाली, सीधी सराय,–8रू0 मस्जिद शाहमुनीर वाली, कंबल का ताजिया–8:25 बजे मस्जिद राशिद, आजाद नगर, 9:00 बजे

# हाथरस में चौत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़




हाथरस में चौत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और माता का जलाभिषेक किया। नवरात्रि से पूर्व ही मंदि. रों को विशेष रूप से सजाया गया था। मंदिरों में माता का मनोहारी श्रृंगार किया गया।घरों में महिलाओं ने चौकी लगाकर माता को विराजमान किया। उन्होंने मिट्टी के कलश में जल भरकर उस पर लाल कपड़े में नारियल रखा। साथ ही गेहूं और जौ भी बोए गए। भक्तों ने घरों में अज्ञारी कर पूजा–अर्चना की और उपवास रखा। पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। माता के भजन और आरती के साथ पूजा हुई।प्रमुख मंदिरों में हाथरसी देवी मंदिर, सासनी स्थित मां कंकाली देवी मंदिर, चामड़ गेट स्थित चामुंडा देवी मंदिर, मुरसान गेट की बौहरे वाली देवी मंदिर शामिल हैं। इसके अलावा रमनपुर की मां चामुंडा देवी, बिसाना की मां तारागढ़ वाली देवी, चिंताहरण महादेव स्थित कैला–चामुंडा देवी मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। मुरसान गेट बराही देवी मंदिर, तालाब चौराहा स्थित मां शीतला माता मंदिर, सीयल स्थित शीतला माता मंदिर और किला स्थित पथवारी देवी मंदिर पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## हाथरस में हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के मेंडू के पास पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक पर एक पुलिसकर्मी की ट्रेन से गिरने से मौत

हाथरस में हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के मेंडू के पास पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक पर एक पुलिसकर्मी की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नवीन कुमार (42 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। वह मथुरा जिले के राया थाना क्षेत्र के गोगा गांव के रहने वाले थे।घटना आज देर शाम को उस समय हुई, जब कासगंज से मथुरा जा रही ट्रेन में नवीन कुमार सवार थे। वह जीआरपी कासगंज में तैनात थे। हादसे के बाद कुछ देर के लिए ट्रेन रुक गई और घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलते ही हाथरस जंक्शन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच–पड़ताल की और आवश्यक पूछताछ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

# आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस

हाथरस में आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आर्य समाज सासनी गेट, नयागंज और मुरसान गेट के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में विभिन्न स्कूलों के बच्चे और कन्या गुरुकुल की छात्राएं भी उप. स्थित रहीं। सभी प्रतिभागी ओम ध्वज लेकर चल रहे थे।वे श्आर्य समाज अमर रहेश, श्वेद की ज्योति जलती रहेश, श्ओम का झंडा ऊंचा रह, भारत माता की जयश और श्वंदे मातरमश के नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में आर्य समाज मंदिर में यज्ञ और प्रवचन से हुई। शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां शामिल थीं। यात्रा शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए आर्य समाज सासनी द्वार पर समाप्त हुई।वक्ताओं ने आर्य समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह एक सुधारवादी आंदोलन है। यह जातिवाद, छुआछूत, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या और अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष करता है। आर्य समाज का उद्देश्य हर नागरिक को एक समर्पित राष्ट्रभक्त बनाना है।यह हुए मुख्य रूप से शामिल.कार्यक्रम में वेद प्रकाश शास्त्री, बुद्धसेन आर्य, अशोक कुमार गुप्ता, संजीव आंधीवाल, सुरेश चंद्र गुप्ता, डॉ. प्रभु दयाल, जगदीश आर्य, बनवारी लाल गोस्वामी, दिनेश अग्निहोत्री शकुंतला आर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सासनी में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को मुफ्त इलाज मिला

सासनी में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को मुफ्त इलाज मिला।पीएचसी टिकारी में डॉ. अनंत ने 65 मरीजों का उपचार किया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने की आवश्यकता नहीं है।टिकारी में सबसे ज्यादा मरीज खांसी–सर्दी के मिले। 15 मरीजों को बुखार की शिकायत थी। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी दलबीर सिंह रावत ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी मरीज बिना दवा के न लौटे। मरीजों की देखभाल में कमी पाए जाने पर चिकित्सकों को बख्शा नहीं जाएगा।पीएचसी कौमरी में डॉ. आनंद माहौर ने 55 मरीजों का उपचार किया। पिछले कुछ दिनों से खांसी की शिकायत वाले 5 मरीजों की बलगम और रक्त की जांच कराई गई। यहां 7 मरीज बुखार के मिले। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर में डॉ. नीलम ने 49 मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित कीं।

## हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला बनारसी प्रहलाद में बच्चों के विवाद में जमकर मारपीट

हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला बनारसी प्रहलाद में बच्चों के विवाद में जमकर मारपीट हुई। एक युवक ने एक बच्ची के साथ मारपीट की। इस पर दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। इस पर पहले तो दोनों पक्षों में गाली गलौज हुई. ।इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात–घूंसे चले। एक पक्ष का आरोप है कि विरोधी पक्ष के लोग लाठी–डंडे लेकर आए। उन्होंने जाति सूचक गालियां दीं और हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई।मारपीट का वीडियो भी सामने आया हिंसक झड़प में कई लोग घायल हुए हैं। घटना से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। इस मामले को लेकर पुलिस से भी शिकायत की गई है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ईद के इंतजामों का ईदगाह जाकर नगर आयुक्त ने लिया जायजा–चाक चौबंद इंतजामो को नगर निगम से करने का ईदगाह कमेटी को दिलाया भरोसा

ईद पर होंगे पुख्ता इंतिजाम– नगर आयुक्त ने बनाए 6 सेक्टर– हर सेक्टर पर रहेगी पैनी नजर–चप्पे चम्पे पर मुस्तैद रहेगा नगर निगम–नमाज खत्म होने तक मुस्तैद रहेगें निगम अफसर35 अधिकारी 650 सफाई व 40 त्वरित एक्शन टीमे की निगरानी में होगी ईद की नमाज– आवारा पशुओं का खुले में छोड़ना रहेगा प्रतिबंधितईद की नमाज की व्यवस्थाओं को बेहतरीन तरीके से कराने के लिए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता बिजेंद्र पाल अर्बन कम्पनी हेड एहसान सैफी के साथ ईदगाह कमेटी के सदस्य सफूआ पहलवान के प्रतिनिधि राशिद इकबाल स्थानीय पार्षद के साथ ईदगाह पहुंचकर निरीक्षण किया और कमेटी को पिछले साल के मुकाबले इस साल और बेहतर इंतजामो के साथ ईद की नमाज कराने का भरोसा दिलाया।नगर आयुक्त ने अपने सभी अधीनस्थों को पूरी तरह मुस्तैद रहने की हिदायत जारी करते हुए नमाज के लिए 6 सेक्टर बनाते हुए सभी इंतजाम नमाज से पहले कराने के लिए 35 अधिकारी 650 सफाई व 40 त्वरित एक्शन टीमे तैनात की है।ईद उल फितर को देखते हुए नगर आयुक्त के नेतृत्व में निगम अधिकारियों ने जामा मस्जिद जमालपुर ईदगाह शाह जमाल ईदगाह और जीवन गढ़ ईदगाह का जायजा लिया और स्थानीय लोगों व कमेटी समिति के सदस्यों के साथ नगर निगम संबंधी व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। नगर आयुक्त ने बताया ईद पर साफ–सफाई पेयजल और लाइट की चाक–चौबंद व्यवस्था कराने के लिए नगर निगम ने व्यवस्थाओं को चौलेंज के रूप में लिया है सभी मुस्लिम क्षेत्रों में अभियान चलाकर आवारा पशुओं की रोक. थाम फागिंग धार्मिक स्थलों व आसपास सेनिटेशन और साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नगर निगम द्वारा सहित सभी मुस्लिम बस्तियों व धार्मिक स्थलों पर परंपरागत पढ़ी जाने वाली नमाज की व्यवस्थाओं को लगभग पूरा कर लिया गया है।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि ईद उल फितर पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए 6 सेक्टर बनाए हैं जिसमे. सेक्टर –01शाहजमाल ईदगाह के नोडल अधिकारी वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त उनकी सहयोगी टीम कर अधिक्षक बेचन सिंह सहायक अभियन्ता राजवीर सिंह अवर अभियंता नरेंद्र सिंह जगवीर सिंह एसएफआई विशन सिंह अनिल सिंह पेयजल प्रभारी दिव्याशु पथ प्रकाश मोहन सक्सैना होंगे सेक्टर –02 ऊपरकोट जामा मस्जिद क्षेत्र के नोडल अधिकारी अमित कुमार उप नगर आयुक्त उनकी सहयोगी टीम सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह कर अधिक्षक विशाल सिंह जैडएसओ रामानंद त्यागी अवर अभियंता जगवीर सिंह एसएफआई रामजीलाल आरआई उपेंद्र वर्मा पथ प्रकाश से शिवांशु होंगे सेक्टर –03 जमालपुर ईदगाह क्षेत्र के नोडल अधिकारी विजेंद्र पाल अधिशासी अभियंता उनकी सहयोगी टीम कर अधीक्षक आरके कमल अवर अभियंता निर्माण संजय कुमार एसएफआई प्रदीप पाल आरआई मानवेन्द्र सिंह पथ प्रकाश से लाइनमैन विजय कुमार होंगे सेक्टर –04 जीवनगढ़ ईदगाह क्षेत्र के नोडल अधिकारी आरपी सिंह कर निर्धारण अधिकारी उनकी सहयोगी टीम अवर अभियंता अमित कुमार एसएफआई योगेंद्र यादव खचेन्द्र सिंह सेनेटरी सुप. रवाइजर विष्णु गोपाल पेयजल प्रभारी वशिष्ठ मौर्या होंगे सेक्टर –05 हाथीपुल व देहली गेट के नोडल अधिकारी डॉ राजेश वर्मा पशु कल्याण अधिकारी उनकी सहयोगी दलवीर सिंह जेडएसओ पेयजल प्रभारी विष्णु कुमार सुपरवाइजर निर्माण हाकिम सिंह होंगे सेक्टर –06 प्रशासनिक कैंप की व्यवस्था हेतु वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त उनकी सहयोगी टीम कर अधीक्षक बेचन सिंह लिपिक राजकुमार बंसल नाजिर संजय सक्सेना को जिम्मेदारी दी है।नगर आयुक्त ने कहा ईद पर परम्परागत व्यवस्था को चाक चौबंद कराए जाने का प्रयास किया जा रहा सभी अधीनस्थों की जिम्मेदारी निर्धारित कर दी गयी है आवारा पशुओं का विचरण नमाज के वक्त पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा यदि कोई आवारा पशु सड़क पर घूमते हुए पाया जाएगा तो पशुपालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाई की जाएगी।

# हाथरस शहर कांग्रेस कमेटी जल्द ही एक . बूथ दो यूथ अभियान की शुरुआत

हाथरस शहर कांग्रेस कमेटी जल्द ही श्एक बूथ दो यूथश अभियान की शुरुआत करने जा रही है। शहराध्यक्ष योगेश कुमार ओके के नेतृत्व में यह अभियान श्जिसका हृदय विराट, वही होगा बूथ सम्राटश के नारे के साथ चलाया जाएगा।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऊर्जावान युवाओं को जोड़कर जनसमस्याओं को मुखर करना है। राहुल गांधी के आह्वान पर शुरू किए गए इस अभियान की शुरुआत हाथरस से की जा रही है। योगेश कुमार हर बूथ पर दो यूथ की नियुक्ति करेंगे। नियुक्ति के बाद श्नेतृत्व से सम्राट संवादश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें स्थानीय नेतृत्व युवा बूथ सम्राटों का राजनीतिक मार्गदर्शन करेंगे।शहराध्यक्ष ने ऐसे युवाओं से आगे आने का आग्रह किया है जो सच्चाई और ईमानदारी से काम करना चाहते हैं। ये युवा महिला उत्पीड़न, किसान समस्याएं, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बुनियादी मुद्दों पर सरकार से सवाल कर सकें।किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़ितों की मदद के लिए उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी जारी किया है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता न्याय की लड़ाई में लोगों के साथ खड़ा रहेगा।

# अलीगढ़: हीरालाल हॉस्पिटल में इलाज के अभाव में मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

थाना गांधी पार्क इलाके के नौरंगाबाद जीटी रोड स्थित हीरालाल सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में इलाज के अभाव में एक मरीज की मौत हो गई। मरीज को नहीं मिला समय पर इलाज मृतक वीरेंद्र (निवासी–गांव गोपी प्रेमपुर, थाना अकराबाद) गैस दर्द की शिकायत पर अस्पताल आया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उसकी मौत हुई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने संभाला मामला सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच जारी।

# हाथरस में सामाजिक संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स (एडीएचआर) ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई

हाथरस में सामाजिक संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स (एडीएचआर) ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण वार्ष्णेय ने कहा कि प्राइवेट स्कूल हर साल सिलेबस बदलकर और फीस बढ़ाकर अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि स्कूल संचालक प्राइवेट प्रकाशकों से कम. ीशन लेकर किताबें बदलवाते हैं। छोटे बच्चों की किताबों की कीमत 3,000 से 10,000 रुपये तक है। इन किताबों की छपाई लागत मात्र 250 से 500 रुपये है। प्रदेश सरकार के फीस नियंत्रण कानून का भी स्कूल पालन नहीं करते।जिलाधिकारी को देगें ज्ञापन...एडीएचआर मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। संगठन की मांग है कि सभी स्कूलों में एनसी. ईआरटी की किताबें लागू की जाएं।अभिभावकों से अपील की गई है कि वे नया सिलेबस न खरीदें। पुरानी किताबों का आपस में आदान–प्रदान करें। बैठक




में जिला अध्यक्ष उपवेश कौशिक, महासचिव शैलेंद्र सांवलिया, कोषाध्यक्ष कमल कांत दोबरावाल, अमन बंसल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com

jnsnews24aligarh@gmail.com

# कासगंज : सड़क पर खुली मिली मीट की दुकाने तो राज्य महिला आयोग की सदस्य खफा

कासगंज : चौत्र नवरात्रि को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ सख्त हैं। उन्होंने मंदिरों के आस–पास मीट की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन उनके आदेश का पालन कासगंज शहर में होता हुआ नहीं मिल रहा। यह आदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड की पड़ताल में साबित हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मीट की दुकानों को बंद कराने के निर्देश दिए हैं।दरअसल राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ नवरात्रि की पूर्व संध्या पर सड़कों पर निकल आईं। उन्होंने चामुंडा मातारानी के दर्शन किए। बाद में वह सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन की हकीकत देखने के लिए निकल पड़ीं। उन्होंने मंदिर के आसपास मीट की दुकानों को खुला देखा, तो दंग रह गई। साथ ही उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों से वार्तालाप कर उन्हें मीट की दुकानें खुलने के बारे में बताया। कहा कि सीएम के आदेशों का पालन नहीं हो रही है। नवरात्र पर मंदिर जाने वाले देवी भक्तों की भावनाएं आहत हो रही है। शीघ्र ही दुकानों को बंद कराया जाएगा।

## एसपी अंकिता शर्मा ने चेक की हथियारों की गुणवत्ता में कई पुलिस अधिकारी रहे मौजूद



कासगंज में आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। रविवार को पुलिस लाइन में एसपी अंकिता शर्मा के नेतृत्व में बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में जिले के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एसपी ने बल्वा ड्रिल, एन्टी राइट और टीयर गैस गन का प्रशिक्षण दिलवाया।एसपी अंकिता शर्मा ने उपकरणों की देखरेख करने वाले पुलिस कर्मियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपकरणों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करें। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों को अपने–अपने ड्यूटी पॉइंट और थाना क्षेत्रों में सतर्कता से काम करने को कहा। एसपी ने सोशल मीडिया पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन का मकसद है कि त्योहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रहे।

## कासगंज: राणा सांगा पर बयान से नाराजगी

कासगंज समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर संसद से लेकर सड़क तक हंगामा मचा हुआ है। जिले भर में विरोध प्रदर्शन के बाद पुतले दहन किए जा रहे हैं। रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत के कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उनका पुतला दहन कर बयान की जमकर निंदा की।सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा वीर शिरोमणि राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश है। दर्जनों कार्यकर्ताओ ने सोरों गेट चौराहे पर पहुंच कर प्रदर्शन किया। सुमन के पुतले का जूता मारकर दहन कर दिया। कार्यकर्ता तेजेंद्र लोधी ने बताया सांसद के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उनकी सांसद की सदस्यता को समाप्त किया जाएगा। वह छोटी सोच के सांसद है। उन्होंने राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहकर उनकी वीरता और बलिदान का अपमान किया है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएंगा। राणा सांगा को भारतीय इतिहास में उनके शौर्य और राष्ट्रभक्ति के लिए जाना जाता है। विरोध प्रदर्शन मे जिला संगठन मंत्री आंशिक शंखधार, विभाग संगठन मंत्री नीरज गोस्वामी , विभाग संयोजक मृदुल तिवारी, जिला सह संयोजक शिवांक नायक, अनंत प्रताप, कृष्णा माहेश्वरी, अभय डेविल, हिमांशु लोधी , आयुष गुप्ता, अंकित मेहरा, सूरज , मुस्कान , सोनी, अर्जुन , श्लोक सहित सेकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## एटा के मारहरा थाना पुलिस ने दो गैंगस्टरों को किया गिरफ्तार

एटा के मारहरा थाना पुलिस ने दो गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है। गैंग का सरगना राहुल तोमर उर्फ समीर और उसका साथी विकास उर्फ आंसू गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे थे।दोनों आरोपी राजेश तोमर उर्फ जौली ठाकुर के बेटे हैं। दरगाह के पीछे नगला पोता थाना कोतवाली नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।एसएसपी श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मारहरा थाना पुलिस ने मुखबिर नेटवर्क की मदद से इन दोनों अपराधियों को पकड़ा।गैंग लीडर राहुल तोमर पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छह संगीन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं उसके साथी विकास पर आठ मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष केके लोधी के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार, कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, नबाब, सतपाल सिंह, हरिओम और पिंटू चौधरी की टीम शामिल रह।

## 4 साल की बेटी ने पिता से मिलने की लगाई गुहार, पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

एटा में एक पुलिसकर्मी की पत्नी न्याय की मांग को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गई।

एसओजी प्रभारी श्रवण कुमार निगम की पत्नी एकता श्रीवास्तव पिछले तीन दिनों से एसएसपी से मिलने का प्रयास कर रही हैं।एकता का आरोप है कि उनके पति ने 2022 में उन्हें लोहे की रॉड से पीटा था। तब से वह अपनी बेटी के साथ अलग रह रही हैं। डेढ़ साल से वह पुलिस और जिला अधिकारियों के चक्कर काट रही हैं। लेकिन केवल झूठे आश्वासन ही मिल रहे हैं।पिता से मिलने की गुहार लगाई बेटी इस बीच, दंपति की 4 वर्षीय बेटी ने अपने पिता से मिलने की गुहार लगाई है। एकता का कहना है कि उनके खिलाफ एटा में झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। शनिवार को देर शाम तक वह कार्यालय में बैठी रहीं, लेकिन एसएसपी से मुलाकात नहीं हो पाई।एकता ने अपने पति पर अन्य महिलाओं से संबंध रखने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब तक एसएसपी से मुलाकात नहीं होगी, वह धरने पर बैठी रहेंगी। बाद में महिला पुलिस उन्हें महिला थाने ले गई। विभागीय जांच में पुलिस कर्मी दोषी पाया गया है।वहीं महिला ने बताया कि उसके विरुद्ध एटा में फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। जिनकी जांच के दौरान विवेचक ने पुलिस कर्मी पति के दबाव के चलते जांच में साक्ष्यों को संलग्न नहीं किया गया। आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। महिला द्वारा उच्चाधिकारियों द्वारा मामले की जांच कराए की मांग की गई है। पुलिस कर्मी की मासूम बच्ची ने एसएसपी से अपने पापा से मिलने की गुहार लगाई है।

## जलेसर के विकास खंड अवागढ़ के गांव लालपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिंदू नववर्ष और नवरात्रि के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

जलेसर **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** विकास खंड अवागढ़ के गांव लालपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिंदू नववर्ष और नवरात्रि के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम स्थल पर संघ गुरु के रूप में भगवा ध्वज स्थापित किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पारंपरिक तरीके से ध्वज को प्रणाम किया। समाजसेवी भीषमपाल प्रधान को कार्यक्रम का अध्यक्ष बनाया गया।मुख्य वक्ता डॉक्टर नन्नू सिंह ने RSS के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में साल में दो बार आने वाले नवरात्रि के वैज्ञानिक महत्व पर भी चर्चा की गई।सभी स्वयंसेवकों ने संघ प्रार्थना की। उन्हें अपने घरों में पांच दीपक जलाने और छतों पर भगवा झंडा लगाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में



यतेन्द्र पाल सिंह, विजय प्रताप सिंह, रमेश पाल सिंह जादौन, डॉ. नन्नू सिंह, कल्लू सिंह, राहुल कुमार, रिंकू सिंह सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कासगंज के पटियाली के कादरगंज गांव निवासी 35 वर्षीय सुनील की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौत

कासगंज के पटियाली के कादरगंज गांव निवासी 35 वर्षीय सुनील की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब सुनील अपने घर से गांव में स्थित अपनी दुकान की तरफ पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। परिजन घायल सुनील को सीएचसी पटियाली लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कासगंज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन

कासगंज :**संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका। यह विरोध सांसद द्वारा संसद में राणा सांगा को गद्दार कहने के बयान को लेकर किया गया।गांधी मूर्ति के पास एकत्र हुए दर्जनों छात्र–छात्राओं ने सपा सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एबीवीपी नेता तेजेंद्र लोधी ने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा का अपमान किया है।

उन्होंने मांग की कि सांसद को संसद में और जनता के बीच माफी मांगनी चाहिए।लोधी ने चेतावनी दी कि जब तक सांसद माफी नहीं मांगते, विद्यार्थी परिषद का आंदोलन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद के बयान के बाद से पूरे देश में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## एटा में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया

एटा में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया। शिवसिंहपुर स्थित पटवारी मंदिर के पास स्थित मकान में चोरों ने धावा बोला। मकान मालिक अवधेश दिल्ली गए थे और उनकी पत्नी मायके गई हुई थी। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने अलमारी और बक्सों में रखे 50 हजार रुपए नकद और लाखों के सोने–चांदी के जेवरात चुरा लिए। रात करीब 11 बजे जब अवधेश दिल्ली से लौटे, तो उन्होंने घर का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ पाया।मकान मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पत्नी को भी मायके से बुलाया गया। दंपती ने नुकसान का आकलन किया और पुलिस को विस्तृत जानकारी दी। थाना प्रभारी कोतवाली नगर अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना संदिग्ध प्रतीत होती है।

## कासगंज: ईद की तैयारियों के चलते बाजारों में रौनक

**कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

ईद को लेकर पूरे बाजार की रौनक बढ़ गई है। चांद का दीदार होने पर एक अप्रैल को ईद बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाएगी। पर्व की तैयारी को लेकर अब लोग अपनी तैयारी में जुट गए हैं। सबसे ज्यादा बाजार में कपड़ों की खरीदारी शुरू हो गई है। हर छोटे से बड़े दुकान में कपड़ों की खरीदारी को लेकर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है।ईद पर्व को लेकर बड़े– बड़े मॉल हो या दुकान ऑफर देकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। लोग भी ऑफर का भरपूर लाभ उठाते हुए जमकर खरीदारी करने में लगे हुए हैं। ईद को लेकर खरीदारी करने पर ऑफर का दौर भी शुरू है। हर तरफ बस ईद पर्व की खरीदारी का नजारा देखने को मिल रहा है। हर कोई अपने अपने हिसाब से खरीदारी करने में जुटा हुआ है।पूरे बाजार में लोग कपड़े की खरीदारी कर रहे हैं तो कहीं पर जूते चप्पल आदि की खरीदारी में जुटे हुए हैं। अपने आर्थिक स्थिति को देखते हुए हर कोई अपने अपने हिसाब से दुकान और प्रतिष्ठानों में खरीदारी करते हुए दिख रहे हैं। ईद में कपड़े की जमकर खरीदारी हो रही है। बाजार में लोगों की खरीदारी से उमड़ने से दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक है।शहर आरएस मॉल संचालक रहीश ने बताया कि इस वर्ष ईद को लेकर कपड़ा का व्यापार अच्छा खासा होने वाला है। दुकानदारों ने बताया कि हर छोटे से बड़े दुकान में खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ है। इससे सभी दुकानदार काफी खुश है। करोड़ों का कारोबार होने की संभावना है। इस वर्ष ईद पर्व में करोड़ रुपए से उपर के आसपास व्यापार होने की संभावना जताई जा रही है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एंव दस्तक अभियान की द्वितीय जनपद स्तरीय बैठक हुई।



कासगंज रू कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एंव दस्तक अभियान की द्वितीय जनपद स्तरीय बैठक हुई। बैठक में टीवी मुक्त अभियान में सहयोग करने वाले जिले 59 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। अप्रैल माह में चलाए जाने वाले विशेष संचारी अभियान को सफल बनाने के लिए रुपरेखा तैयार की गई।कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, मुख्य चिकित्साधिकारी,एवं डीपीआरओ की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत के अंतर्गत 59 प्रधानों को सम्मानित किया गया। 11 ग्राम प्रधानों को रजत, एवं 48 ग्राम प्रधानों को कांस्य गांधी की प्रतिमा से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, सीएचओ, एवं टीबी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर निजी चिकित्सकों डॉ नवीन चंद्र गॉड,डॉ.मुकेश सक्सेना, डॉ. मोहित जैन, डॉ. गीता अग्रवाल, एवं अन्य चिकितसों ने 55 टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की गई।सीएमओ डॉ . राजीव अग्रवाल द्वारा प्रधानों को संबोधित किया कि वे पुनः अपनी पंचायत को टीबी मुक्त रखें। जिससे जनपद में ज्यादा से ज्यादा पंचायत रजत, एवं स्वर्ण पदक पाएं। एवं टीबी कर्मचारियों के कार्या की सरहना की। कार्यक्रम का संचालन डीपीसी धर्मेंद्र यादव द्वारा किया गया।उसके उपरांत माह अप्रैल 2025 में संचालित किए जाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से संबंधित द्वितीय जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई ।बैठक में स्वास्थ्य विभाग ,पंचायती राज विभाग ,नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं यूनिसेफ , डब्लूएचओ इत्यादि के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी सचिन सिंह द्वारा माह अप्रैल 2025 में संचालित किए जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को विगत वर्ष में संपादित की गई गतिविधियों में पाई गई कमियों में सुधार कर समस्त विभागों के आपसी समन्वय से सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

**हाईस्कूल परीक्षा सन 2004 अनुक्रमांक 0254613, इंटरमीडिएट सन 2010 अनुक्रमांक 0170693 अनुक्रमांक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। सतेयन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री जयवीर सिंह यादव जिला अलीगढ़**

# गर्मियों में डल हो गई है चेहरे की त्वचा

## गर्मियों में अगर स्किन डल और बेजान हो गई है, तो आप कुछ टिप्स की मदद से चेहरे पर निखार ला सकते हैं

गर्मियों की धूप, धूल–मिट्टी और प्रदूषण से सबसे ज्यादा चेहरे की स्किन प्रभावित होती है। यही वजह है कि गर्मियों में चेहरे की त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। दरअसल, जब चेहरे पर सीधे धूप पड़ती है, तो इससे त्वचा डैमेज होने लगती है। चेहरे की त्वचा टैन और डल होने लगती है। धूप की वजह से गर्मियों में चेहरे का निखार पूरा गायब होने लगता है। ऐसे में अपने चेहरे पर निखार लाने के लिए अकसर लोग हाइड्रेटिंग फेशियल करवाते हैं या फिर टैनिंग रिमूव करने के लिए ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो घर पर ही चेहरे पर निखार ला सकते हैं। जी हां, अगर आप गर्मियों में कुछ टिप्स और स्किन केयर को फॉलो करेंगे, तो आपके चेहरे पर आएगा। चेहरे ग्लोइंग, खू. बसूरत और मुलायम नजर आने लगेगा।

### 1. सनस्क्रीन अप्लाई करें



वैसे तो सनस्क्रीन को हर मौसम में लगाना चाहिए। लेकिन गर्मियों में सनस्क्रीन लगाना ज्यादा जरूरी हो जाता है, क्योंकि गर्मियों में धूप तेज होती है जो हमारी त्वचा को डैमेज करती है। ऐसे में धूप से अपनी त्वचा को बचाने के लिए घर से निकलने से पहले 30 या उससे अधिक एसपीएफ वाला सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। सनस्क्रीन लगाने से त्वचा का हानिकारक पराबैंगनी यानी यूवी किरणों से बचाव होता है। साथ ही झुर्रियों और फाइन लाइंस से भी बचाता है।

### 2. चेहरे को अच्छी तरह से क्लीन करें



गर्मियों में पसीना, धूल–मिट्टी को रिमूव करने के लिए चेहरे को अच्छी तरह से क्लीन करना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि जब चेहरे पर पसीना या प्रदूषण के कण रह जाते हैं, तो इससे स्किन इरिटेट हो सकती है। इससे त्वचा के छिद्र बंद हो सकते हैं, जो मुहांसों का कारण बन सकता है। इसलिए गर्मियों में अपने चेहरे पर निखार बरकरार रखने के लिए क्लीनिंग बहुत जरूरी है। इसके लिए आप किसी माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। रात को सोते समय चेहरे को जरूर धोएं।

### 3. खुद को हाइड्रेट रखें

आपका शरीर हाइड्रेट रहता है, इससे चेहरे पर निखार बना रहता है। इसके अलावा आप चाहें तो फ्रूट जूस, वे. जिटेबल जूस का सेवन भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपको रोजाना 8–10 गिलास पानी भी जरूर पीना चाहिए। इससे आप हाइड्रेटेड रहेंगे, आपकीत्वचा पर निखार बना रहेगा।

### 4. एंटीऑक्सीडेंट्स का सेवन करें

एंटीऑक्सीडेंट्स हेल्थ के साथ ही त्वचा के लिए भी बहुत जरूरी होता है। इसलिए आपको एंटीऑक्सीडेंट युक्त सनस्क्रीन या मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदा. र्थों का भी सेवन करना चाहिए। एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। साथ ही स्किन को रिपेयर भी करता है। इससे आपके चेहरे की त्वचा पर निखार बना रहेगा। एंटीऑक्सीडेंट त्वचा पर कोलेजन के उत्पादन को भी बढ़ावा देता है।

### 5. एक्सरसाइज जरूर करें

गर्मियों में शरीर की गर्मी को बाहर निकालने के लिए आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए। एक्सरसाइज करने से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। इससे स्किन सेल्स को ज्यादा ऑक्सीजन मिलता है। इससे सन डैमेज से बचाव होता है, झुर्रियां और फाइन लाइंस दूर होती हैं। रेगुलर योग, एक्सरसाइज और मेडिटेशन की मदद से त्वचा पर निखार लाया जा सकता है।

# सुहागरात पर अक्सर ये पांच गलतियां कर बैठते हैं मर्द, ऐसे बर्बाद हो जाती है शादी की पहली रात

शादीं के बाद हर शख्स को अपनी सुहागरात का इंतजार होता है, लेकिन उस दौरान कई मर्द ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उनकी शादी की पहली रात बर्बाद हों जाती हैंग. आइए उन गलतियों से रूबरू कराते हैं शादी के बाद पहली रात का अलग ही क्रेज होता है. इस दौरान पुरुषों पर परफॉर्मेंस को लेकर प्रेशर रहता है, जबकि महिलाएं सिर्फ एक ही शख्स से अपनी सारी उम्मीदें लगा लेती हैं. आइए आपको बताते हैं कि सुहागरात पर मर्द अक्सर क्या गलतियां कर देते हैं, जिनसे उनकी शादी की पहली रात बर्बाद हो जाती है?कई लड़के ऐसे भी होते हैं, जिनकी कोई गर्लफ्रेंड नहीं होती. ऐसे मर्द शादी के बाद पहली रात पर काफी ज्यादा उतावले नजर आते हैं. गौर करने वाली बात यह है कि इस तरह की जल्दबाजी से भी आप परेशानी में पड़ सकते हैं और आपकी सुहागरात बिगड़ सकती है. उस दौरान आपको बेहद शांत और सभ्य रहने की जरूरत होती है.सिर्फ महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष भी अपनी सुहागरात की तुलना फिल्मों से करने लगते हैं, जबकि ऐसा करना गलत है. दरअसल, फिल्मों में दिखाई गई चीजें हकीकत नहीं होती हैं, लेकिन वैसी ही उम्मीदें करने से आपकी सुहागरात बर्बाद हो सकती है. गौर करने वाली बात यह है कि कुछ भी परफेक्ट नहीं होता है. ऐसे में अपनी उम्मीदों को अपने दायरे के हिसाब से बांधना जरूरी होता है.सुहागरात को लेकर पुरुष काफी पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं, जिसके चलते वे अक्सर दबाव में भी आ जाते हैं. हकीकत यह है कि सुहागरात को लेकर खुद पर दबाव बनाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसका असर आपकी परफॉर्मेंस पर पड़ सकता है. यह गलती आपकी शादी की पहली रात को तबाह कर सकती है.

# सैंडविच के शौकीन देख लें दुनिया के टॉप–50 सैंडविच की लिस्ट, चेक करें टॉप–5 डिशेज में आपने क्या–क्या चखा?

दुनिया में कई तरह के फूडी लोग होते हैं और सबका अपना कंफर्ट फूड होता है. हालांकि, एक कॉमन कंफर्ट फूड आइटम की बात हो तो सैंडविच का जिक्र सबसे पहले आता है. इसका कारण है सैंडविच के साथ होने वाले एक्सपेरीमेंट. वेजीटेरिन इसे अपने तरीके से बनाते हैं तो नॉनवेज के शौकीनों का अपना तरीका होता है. कुल मिलाकर बच्चों से लेकर यंगस्टर्स तक को सैंडविच खूब भाती है. यहां तक कि कई घरों में सुबह के नाश्तें में सैंडविच जरूर शामिल होती है. दुनियाभर में सैं. डवच बनाने के सैकड़ों तरीके हैं और यह आइटम स्वाद की दुनिया में इतना हिट है कि स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े–बड़े रेस्टोरेंट में जरूर मौजूद रहती है. दो ब्रेड के टुकड़ों के बीच स्वाद के अनूठे संगम को जायकों की दुनिया में सैंडचिव कहते हैं. आप भारत में रहते हों या फिर विदेश में, सैंडविच हर जगह उपलब्ध है और इसे खाने के शौकीनों की भी कमी नहीं है. हालांकि, इसे बनाने के तरीके अलग–अलग हो सकते हैं. सामने आई टॉप–50 सैंडिवच की लिस्ट आपने कई तरह की सैंडविच का स्वाद जरूर चखा होगा. हाल ही में, पॉपुलर फूड एंड ट्रैवेल गाइड, टेस्ट एटलस ने दुनिया की बेस्ट 50 सैंडिवच की लिस्ट तैयार की है. इसमें दुनियाभर के देशों में बनाई जाने वाली अलग–अलग तरह की सैंडिवच को शामिल किया गया है. आइए देखते हैं टॉप–5 बेस्ट सैंडविच लिस्ट कौन सी हैं दुनिया के टॉप–50 बेस्ट सैंडविच की लिस्ट में भारतीय जायके की भी एंट्री हुई है. मुंबई में फेमस स्ट्रीट फूड आइटम वड़ा पाव को भी टेस्ट एटलस ने दुनिया की टॉप–50 बेस्ट सैंडविच की लिस्ट में शामिल किया गया है. इस लिस्ट में वड़ा पाव को 4.2 रैंकिंग के साथ 39वां स्थान दिया गया है. यह लगातार दूसरी बार है जब वड़ा पाव इस लिस्ट में शामिल हुआ है. इससे पहले 2024 में वड़ा पाव का लिस्ट में 19वां स्थान था. हालांकि, इस बार इसकी रैंकिंग में गिरावट आई है और यह खिसककर 39वें नंबर पर पहुंच गई

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

# 31 मार्च को भारत में मनाई जाएगी ईद, प्रेम और भाईचारे का है यह त्योहार




भारत में ईद उल फितर का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है. ये पर्व रमजान महीने के खत्म होने के बाद यानी शव्वाल महीने की पहली तारीख को पड़ता है. इस्लामी मान्यताओं के अनुसार, ईद पर्व की शुरुआत पैगंबर मुहम्मद ने की थी. ऐसे में जानते हैं भारत में कब मनाई जाएगी ईद.सऊदी अरब में आज मनाई जा रही है ईद उल फित. रसऊदी अरब में ईद का चांद शनिवार, 29 मार्च को दिख गया है. ऐसे में सऊदी में ईद आज यानी 30 मार्च को मनाई जा रही है. भारत में सऊदी अरब के एक दिन बाद यानी सोमवार, 31 मार्च को ईद–उल–फितर का त्योहार मनाया जा रहा है.यह त्योहार इस्लाम धर्म के लोगों की एकता और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक माना जाता है. ईद के दिन विशेष नमाज अदा की जाती है. दरअसल, ईद के मौके पर इस्लाम धर्म के अनुयायी, अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं और जाने–अनजाने में हुई अपनी गलतियों की क्षमा मांगते हैं. सऊदी अरब में पहले शुरू हुआ था रमजान सऊदी अरब में रमजान भारत से एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था. यही वजह है कि भारत में ईद का त्योहार सऊदी अरब से एक दिन बाद 31 मार्च को मनाया जाएगा. हर बार सऊदी अरब में ईद का चांद भारत से एक दिन पहले दिख जाता है. ईद–उल–फितर का दिन इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, शव्वाल महीने की पहली तारीख को होता है. जब इस्लामिक कैलेंडर के रमजान महीने की 29वीं या 30वीं रात को चांद दिखता है तो ईद मनाने की पुष्टि होती है. प्रेम, भाईचारे का त्योहार है ईद ईद–उल–फितर प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है. इस दिन हर कोई खुशियां बांटता है और गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करता है. ईद के मौके पर बनाएं जाते खास पकवान ईद के दिन खासतौर पर मीठी सेवइयां, शीर खुरमा और अन्य स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं. ईद पर बच्चों को ईदी में कोई तोहफा या पैसे देने की भी परंपरा होती है. इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग जरूरतमंद या फिर गरीबों को सवा दो किलो गेहूं या फिर उसके बराबर पैसे दिए जाते है

# क्या किसी को झगड़ते देख आपके दिमाग में भी चलती है पारिवारिक कलह और शोर–शराबा करता है परेशान?



परिवारों में संघर्ष और असहमति का अनुभव होना बिल्कुल नॉर्मल बात है. हर परिवार में लड़ाई–झगड़ा तो होते ही रहते हैं. क्योंकि घर के अलग–अलग फैमिली मेंमबर के कई सारी बातों पर अलग–अलग राय हो सकते हैं. जिसके कारण तनाव और बहस के कारण हो सकती है. हालांकि, कुछ घरों में काफी ज्यादा लड़ाई, झगड़ा आपस में चिल्लाना कई तरह के मुद्दों का संकेत दे सकता है. दरअसल, जब फै. मिली के बीच खराब कम्युनिकेशन, अनसुलझे स्ट्रगल या इमोशनल परेशानी बढ़ने लगती है तो घर में लड़ाई के कारण हो सकती है. बार–बार झगड़ा देखकर दिमाग हो जाता है परेशान?घर के लोगों के बीच खराब कम्युनिकेशन, अजीब सी एक गैप, इमोशनल प्रॉब्लम, आपस में ठीक से बातचीत न होने पर दिमाग काफी ज्यादा परेशान हो सकता है. आप भी अपनी फैमिली में इस तरह की परेशानी से जूझ रहे हैं. तो आपको सबसे पहले अपनी फैमिली मेंबर के लोगों के साथ बैठकर बात करनी चाहिए. क्योंकि बात करने से ही आपस में किसी भी प्रॉब्लम को सुलझा सकते हैं. माता–पिता का हमेशा सम्मान किया जाता है मैं भारतीय समाज से हूं जो माता–पिता द्वारा अपने बच्चों के लिए किए गए अच्छे कामों और त्याग की प्रशंसा करता है. माता–पिता का हमेशा सम्मान किया जाता है. इसलिए उनके खिलाफ कुछ भी करना या कहना बुरा माना जाता है या आपको कम नैतिक मूल्यों वाला व्यक्ति माना जाता है. इतना कहने के बाद, मैं यह स्वीकार करना चाहता हूं कि मैं अपने माता–पिता से नफरत करता हूं. मेरे दिल में उनके लिए सिर्फ नफरत है. वे इतने जहरीले हैं कि आपके अंदर का जीवन नशे में धुत होकर मर जाएगा। मैंने जीवन में कुछ भी करने की सारी प्रेरणा और इच्छाशक्ति खो दी है. लड़ाई न केवल लड़ने वाले लोगों को प्रभावित करती है बल्कि उनके आस–पास के लोगों को भी प्रभावित करती है.परिवार में बार–बार लड़ाई होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि संवाद की कमी, आर्थिक तनाव, या व्यक्तिगत मतभेद, लेकिन इन समस्याओं को सुलझाने के लिए खुले मन से बात करना, एक–दूसरे को सुनना और समझना, और समाधान खोजने के लिए मिलकर प्रयास करना महत्वपूर्ण है.पहले हमें यह समझना जरूरी है कि फैमिली में आपस में लड़ाई–झगड़े क्यों होते हैं? दरअसल, जिस फैमिली में आपस में बातचीत में कमी, पैसे की तंगी, आपस में मतभेद, खुले मन से बात नहीं करना, एक दूसरे की बिल्कुल न सुनना और समझने को तैयार न रहना कई सारी परेशानी को बढ़ा सकती है. परिवार में बार–बार लड़ाई होने के कारणबातचीत में कमीरू परिवार के सदस्य जब आपस में खुलकर बात नहीं करते हैं. एक–दूसरे की बात नहीं सुनते हैं. और अपनी बात ठीक से व्यक्त नहीं करते हैं तो आपस में बातचीत में कमी आती है. जिसके कारण परिवार में बार–बार लड़ाई–झगड़े होते हैं. परिवार के सदस्यों के बीच प्रभावी ढंग से बात न करना, एक–दूसरे की बात न सुनना, या अपनी बात को सही तरीके से व्यक्त न करना. पैसे की तंगीरू घर में पैसे की कमी,तंगी, काफी ज्यादा खर्च, नौ. करी में असुरक्षा, आर्थिक दिक्कत सहित कई सारे मुद्दे को लेकर परिवार में बहस और झगड़े हो सकते हैं. व्यक्तिगत मतभेदरू अलग–अलग विचार, मूल्यों और दृष्टिकोणों के कारणा भी परिवार में मतभेद और झगड़े हो सकते हैं. परिवार के सदस्यों के बीच एक–दूसरे से गलत उम्मीदें रखने या गलतफहमी होने से भी लड़ाई हो सकती है. समय की कमीरू परिवार के सदस्यों के पास एक–दूसरे के साथ पर्याप्त समय न होना, जिससे रिश्ते कमजोर हो जाते हैं और छोटी–छोटी बातों पर भी झगड़े होने लगते हैं. घर में होने वाले लड़ाई–झगड़े से ऐसे निपटे जब भी घर में आप देखें कि बात बिगड़ रही है तो लड़ाई करने के बदले आप एक दूसरे से बात करें. एक–दूसरे की बातों को ध्यान से सुनें. और बात समझने की कोशिश करें. झगड़े को उलझाने के बदले सुलझाने की कोशिश करें. इससे आपके रिश्ते एक दूसरे के साथ अच्छे और लचीले रहेंगे. काम के बाद अगर वक्त मिले तो परिवार के साथ वक्त बिताएं. ताकि रिश्ता मजबूत रहें. और एक–दूसरे का साथ बेहतर ढंग से समझे. अगर परिवार में झगड़े आए दिन बढ़ रहे हैं. तो परिवार में एक दूसरे के बीच खास बात. चीत करने की कोशिश करें.